भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 505 का उत्तर

झुंझुनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में रेल ओवरब्रिजों/अण्डरब्रिजों का निर्माण

505. श्री राहुल कस्वां:
श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से देश में शेष बचे रेल समपारों का कोई राष्ट्रीय मूल्यांकन किया है, यदि हां, तो विशेषकर राजस्थान के झुंझुनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान विशेषकर राजस्थान के उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देशभर में स्वीकृत/निर्माणाधीन/पूर्ण हुए रेल ओवरब्रिजों (आरओबी) और रेल अण्डरब्रिजों (आरयूबी) का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त राज्य में अत्यधिक दुर्घटना संभावित और भारी यातायात संकुलन वाले स्थानों को प्राथमिकता देने के लिए कोई मानकीकृत प्रणाली विकसित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या रेलवे और राज्य सरकार के बीच समन्वय को बेहतर बनाने के लिए किसी नई प्रणाली का विकास किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों की स्वीकृति एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है और गाड़ी परिचालन में संरक्षा पर उनके प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर शुरू किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-26 (मई, 2026 तक) की अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई, 26 तक)	14,451 अदद (राजस्थान राज्य में 1,612 अदद)

01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में बड़ी लाइन नेटवर्क पर 15,689 अदद चौकीदार वाले समपार हैं। इनमें से 764 अदद चौकीदार वाले समपार राजस्थान राज्य में स्थित हैं, जिनमें से 16 अदद चौकीदार वाले समपार झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल पर लगभग 1,17,492 करोड़ रुपए की लागत पर 4,993 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों को स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से राजस्थान राज्य में लगभग 6,137 करोड़ रुपए की लागत पर 618 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्य शामिल हैं।

झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में, पिछले तीन वर्षों में 02 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों का कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा, लगभग 112 करोड़ रुपए की लागत पर 12 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों कार्यों को स्वीकृत किया गया है, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	समपारों का विवरण	ऊपरी/निचले सड़क पुल	कार्य की लागत (लगभग करोड़ रुपए में)	टिप्पणियाँ
1	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 306/0-1 पर समपार-270	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
2	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 337/7-8 पर समपार-294	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
3	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 344/6-7 पर	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट

	समपार-303			की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
4	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 270/6-7 पर समपार-231	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
5	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 276/2-3 पर समपार-237	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
6	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 278/7-8 पर समपार-240	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
7	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 279/9-280/0 पर समपार-241	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
8	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 304/1-2 पर समपार-268	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
9	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 325/4-5 पर समपार-288	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
10	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 331/9-332/0 पर समपार-292	आरयूबी	2	सामान्य व्यवस्था आरेख तैयार करने के लिए साइट की व्यवहार्यता जांच शुरू की गई है।
11	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 301/1-2 पर	आरओबी	49	निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

	समपार-265			
12	सीकर-लोहारु रेलखंड पर कि.मी. 304/5-6 पर समपार-269	आरओबी	43	सामान्य व्यवस्था आरेख संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है।

प्रत्येक समपार की रेलगाड़ी वाहन इकाई, गाड़ी परिचालन पर समपार के प्रभाव, तकनीकी व्यवहार्यता और स्थानीय संदर्भ में समपार के महत्व के आधार पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों की स्वीकृति को प्राथमिकता दी जाती है। इन कार्यों को उनकी प्राथमिकता, व्यवहार्यता और निधि की उपलब्धता के आधार पर चरणों में शुरू किया जाता है।

ऊपरी/निचले सड़क पुल संबंधी कार्यों का पूरा होना और चालू होना समपारों को समाप्त करने के सहमति प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों से सहयोग, पहुँच संरेखण का निर्धारण, सामान्य व्यवस्था आरेख का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, अतिलंघी साधनों का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृति, परियोजना क्षेत्र/कार्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था, जलवायु परिस्थितियों के कारण विशिष्ट परियोजना/क्षेत्र के लिए वर्ष में कार्य के अनुकूल अवधि आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/निर्माण कार्यों के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

******